साथ हमेशा वो रहेगा | By Sunil Sarvottam

जो भी श्याम कीर्तन सुनेगा
बाबा श्याम उसकी सुनेगा
कष्ट हरेगा गिरने ना देगा
साथ हमेशा वो रहेगा

होता जहाँ सांवरे का भजन
वो भूमि स्वर्ग बन जाए
कोई दु:ख ना रहे कोई गम ना रहे
जीवन सरल बन जाए
हो जाती है पूरी मन्नत
जो भी श्याम नाम जपेगा
कष्ट हरेगा गिरने ना देगा
साथ हमेशा वो रहेगा

दानी है वो वरदानी है वो
वरदान देता है बाबा
आस पूरी करे खाली झोली भरे
डूबे हुए बेड़े को तारे
चाहे बन जाएँ लाख दुश्मन
दुश्मनो का नाश करेगा
कष्ट हरेगा गिरने ना देगा
साथ हमेशा वो रहेगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%b9%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b6%e0%a4%be-%e0%a4%b5%e0%a5%8b-%e0%a4%b0%e0%a4%b9%e0%a5%87%e0%a4%97%e0%a4%be-by-sunil-sarvottam/